फोर्टिस अस्पताल के गिरफ्तार दोनों डॉक्टर 15 मई तक रिमांड पर

- जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शनिवार देर रात तक दोनों डॉक्टर के मकान और फोर्टिस अस्पताल में उनके चेंबर की जांच की थी
- अदालत ने जेके लोन अस्पताल में प्लाजमा चोरी करने के आरोपी किशन सहाय कटारिया को पूछताछ के लिये दो दिन के रिमांड पर सौंपा

। ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में गिरफ्तार फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टर को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने डॉक्टर जितेन्द्र गोस्वामी और डॉक्टर संदीप गुप्ता को 15 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने शनिवार देर रात तक दोनों डॉक्टर के मकान और फोर्टिस अस्पताल में उनके चेंबर की जांच की थी। हालांकि पुलिस को इस दौरान कुछ नहीं मिला है। पुलिस का दावा है कि उनके पास दोनों डॉक्टर के खिलाफ पर्याप्त सबूत है।

पुलिस ने मामले में 10 मई को फोर्टिस हॉस्पिटल के नर्सिंग स्टाफ भानू लववंशी उर्फ भानू प्रताप को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी भानू ने बताया कि कौन-कौन डॉक्टर इस पूरे खेल में लगे हुए हैं। इस पर उनकी भूमिका में जांच की गई तो इस बात की पुष्टि हुई कि इन डॉक्टरों ने कई ऑपरेशन किए थे। हालांकि यह ट्रांसप्लांट वैध है या अवैध इसकी जांच करने का काम उनका नहीं है। हॉस्पिटल प्रशासन इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार है।

गौरतलब है कि पुलिस टीम ने शनिवार सुबह 2 डॉक्टरों को एसीपी गांधी नगर के ऑफिस में बुलाकर पूछताछ की थी। इस पर दोनों डॉक्टरों ने पुलिस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया था। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस के अनुसार दोनों डॉक्टर सर्जरी के बाद किराए के मकानों में रहने वाले मरीजों को देखने जाते थे।

डॉ. जितेंद्र गोस्वामी फोर्टिस से पहले मणिपाल हॉस्पिटल में काम करता था। मणिपाल का लाइसेंस रिन्यू नहीं होने पर सितंबर 2023 में जितेंद्र गोस्वामी ने फोर्टिस जॉइन कर लिया था। डॉक्टर जितेन्द्र और संदीप गुप्ता ही फोर्टिस में ऑर्गन ट्रांसप्लांट किया करते थे। जानकारी में यह भी आया है कि इन लोगों को कई अन्य डॉक्टरों की जानकारी भी है, जो ट्रांसप्लांट कर चुके हैं। उधर पुलिस ने जेके लोन अस्पताल के ब्लड बैंक में प्लाज्मा चोरी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी किशन सहाय कटारिया को आज कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने अदालत ासे पूछताछ के लिये रिमांड पर भेजने का आग्रह किया जिसे पर अदालत ने उसे दो दिन की रिमांड पर सौंपने के आदेश दिये। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

फिर एक बार मोदी सरकार बनना तय है : कर्नल राज्यवर्धन

जयपुर, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भाजपा प्रत्याशी उत्तर पश्चिम लोकसभा दिल्ली योगेन्द्र चंदोलिया के समर्थन में आज रविवार को एम.सी.डी कम्यूनिटी सेंटर पार्क सेक्टर 13 रोहिणी उत्तर पश्चिम जिला (नजदीक भगवती हॉस्पिटल) में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन में भाग लिया।

राठौड़ ने कहा, युवा मोर्चा की ताकत से भाजपा की प्रचंड जीत तय है। साथ ही अबकी बार 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार का संकल्प भी साकार होगा।

हरियाणा भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने करनाल लोकसभा क्षेत्र के भोड़वाल माजरी गांव में किसानों एवं युवाओं से संवाद कर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को विजयी बनाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आव्हान किया। पूनिया ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और हरियाणा की डबल इंजन भाजपा सरकार किसानों के कल्याण के लिये समर्पित होकर कार्य कर रही है, माता-बहनों एवं किसानों के आशीर्वाद से हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीतेगी और भाजपा-एनडीए गठबंधन का 400 पार का संकल्प भी पूरा होगा।

'चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को आरोपों के कटघरे में खड़ा करना शर्मनाक'

- चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को आरोपों के कटघरे में खड़ा करना शर्मनाक : राजेन्द्र राठौड़

जयपुर। विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उनके ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ईवीएम के बाद अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि 4 जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम में कांग्रेस की शर्मनाक हार होने वाली है। राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में करारी हार से सदमे में आई कांग्रेस पार्टी की अब आदत बन चुकी है कि जहां भी चुनाव हारती हैं वहां पर ईवीएम और चुनाव आयोग पर दोष मढ़ती है।

राठौड़ ने कहा कि गहलोत साहब, जब आप लोग जीतते हो तो सब कुछ ठीक-ठाक रहता है और जब आपको अपनी करारी हार का पूरा विश्वास हो जाए तो कभी ईवीएम हैक का बहाना बनाते हो तो कभी चुनाव आयोग पर ही अनर्गल टिप्पणी और तथ्यहीन आरोप लगाते हो। राठौड़ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं और जमीनी स्तर पर एनडीए को मिल रहे अपार जनसमर्थन से यह स्पष्ट है कि "अबकी बार 400 पार" का संकल्प जरूर पूरा होगा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हालत बद से बदतर होने वाली है, इसलिए आप लोग अब चुनाव आयोग पर ही सवालिया निशान लगा रहे हो। चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को आरोपों के कटघरे में खड़ा करना शर्मनाक है।

राठौड़ ने कहा कि राज्य में विगत कांग्रेस सरकार में तत्कालीन मुखिया गहलोतने न्यायपालिका, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं पर जो अनर्गल टिप्पणी की थी, वो जगजाहिर है। तब शायद ही कोई दिन गुजरता होगा जब उन्होंने मुख्यमंत्री जैसे गरिमामय पद की मर्यादा को लांघकर संवैधानिक संस्थाओं का मखौल नहीं उड़ाया हो। धैर्य रखिए, जनता अबकी बार मोदी जी की गारंटी के ऊपर विश्वास जताएगी।

पूर्व व वर्तमान छात्र छात्राओं का स्नेह मिलन समारोह

जयपुर। श्री भवानी निकेतन विधि महाविद्यालय के पूर्व और वर्तमान छात्र छात्राओ द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी एक दूसरे से इतने समय बाद मिल कर बहुत खुश हुए और भावुक भी हो गए।

पूर्व छात्रा चंचल शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम में पधारे सभी छात्रों का परिचय हुआ उसके बाद सभी को मोमेंटो दिये गए। सभी ने साथ मिल कर डांस किया और कॉलेज की यादे ताजा की।

आयोजनकर्ता भानुप्रताप सिंह, संदीप शर्मा, दिलीप सिंह, सूर्यदेव सिंह, चंचल शेखावत, अमन चैन सिंह, गणेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, चतर सिंह का सभी ने आभार व्यक्त किया इतने सुंदर आयोजन के लिए। सभी पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों और यादों को साझा किया।

लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद होगा 19 जिला कांग्रेस कमेटियों का गठन

- स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले बनाए जाएंगे 19 नए जिला कांग्रेस अध्यक्ष
- प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी में भी होगा बड़ा बदलाव, सेवादल को मिलेगा नया मुखिया

जयपुर, (का.सं.)। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद में राजस्थान कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी है। इस बदलाव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष फिलहाल गोविंद सिंह डोटासरा बने रहेंगे, लेकिन उनकी टीम में आमूलचूल परिवर्तन किए जाने के साथ ही 19 नए जिलों के अध्यक्ष भी बनाए जाने हैं। इसके अलावा अग्रिम संगठनों में प्रदेश सेवादल को नया मुखिया मिलेगा। इसके अलावा 16 से ज्यादा प्रकोष्ठ और विभागों में भी नई नियुक्तियां की जानी है।

पहले विधानसभा चुनाव की तैयारी के चलते नए बनाए गए 19 जिलों में जिला कांग्रेस का गठन नहीं हो पाया था। उसके बाद जब सत्ता चली गई ,तो पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई। ऐसे में अब 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद यह रुकी हुई प्रक्रिया शुरू होगी और इसमें बड़ी संख्या में बदलाव होंगे।

दरअसल प्रदेश कांग्रेस में बदलाव की आवश्यकता इसलिए भी है कि विधानसभा चुनाव से पहले और फिर लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के कई नेता और प्रदेश के पदाधिकारी सहित प्रकोष्ठ, विभागों के पदाधिकारियों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। इसके अलावा बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी ऐसे हैं, जिन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी भूमिका किसी भी क्षेत्र में नहीं निभाई। ऐसे नेताओं को भी अब घर बिठाया जाएगा। यहां खास बात यह है कि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने विधानसभा चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी बनाए थे, उनमें से अधिकांश कांग्रेस छोड़कर चले गए।

लोकसभा चुनाव के दोनों चरणों का मतदान होने के बाद राजस्थान के नेताओं पर की गई कार्यवाही में इस बदलाव की झलक दिखाई गई थी। अब बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारियों को बदले जाने के अलावा विभाग और प्रकोष्ठों का गठन किया जाना है। सबसे महत्वपूर्ण नियुक्तियां 19 नई जिला कांग्रेस कमेटी के गठन की है। दरअसल विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सरकार ने राजस्थान में 19 नए जिलों का गठन किया था और उनका नोटिफिकेशन भी जारी हो गया था। हालांकि पहले कहा जा रहा था कि भाजपा सरकार इन जिलों का रिव्यू कर सकती है, लेकिन अब इन तमाम जिलों में भाजपा सरकार ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक लगा दिए हैं और इन जिलों में प्रशासन लगातार काम कर रहा है। ऐसे में इन जिलों का अब रिव्यू नहीं होना तय माना जा रहा है। ऐसे में लोकसभा चुनाव समाप्त होने के साथ ही प्रदेश कांग्रेस इन 19 जिला कांग्रेस कमेटियों के गठन के प्रस्ताव तैयार करके अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को भेजेगी और वहां से मंजूरी मिलने के साथ ही इन जिला कांग्रेस कमेटी के गठन और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का काम शुरू हो जाएगा।

अग्रिम संगठनों में प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर हाल ही विधायक अभिमन्यु पूनिया की नियुक्ति हुई थी। वहीं एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष पद पर भी विनोद जाखड़ की नियुक्ति हाल ही हुई है। वहीं विधानसभा चुनाव से ठीक पहले महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद पर राखी गौतम को नियुक्ति दी गई थी। ऐसे में इन तीनों अग्रिम संगठनों को छोड़कर सेवादल में प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है, क्योंकि हेमसिंह शेखावत को लंबा समय हो चुका है और सेवादल की उपस्थित विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनाव में ही बहुत उल्लेखनीय नजर नहीं आई। यही कारण है कि कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष को लोकसभा चुनाव के बाद में बदला जाएगा। वैसे भी अब 2024 से स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी भी शुरू हो जाएगी। इसी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस को अब एक बार फिर से संगठन का पुनर्गठन करना है।

"मै सृष्टि हूं" साझा संग्रह का विमोचन

सम्पर्क संस्थान की ओर से रविवार को रेनू शब्दमुखर के सम्पादन में 111 कवयित्रियों के साझा संग्रह "मैं सृष्टि हूं" का विमोचन किया गया।

जयपुर। "कभी माँ की हथेली चूम लेना, बड़ी माँ की रही कुर्बानियां हैं" ये पंक्तियां सम्पूर्ण परिवेश में तैर रही थी, अवसर रहा सम्पर्क संस्थान द्वारा रेनू शब्दमुखर के सम्पादन में 111 कवयित्रियों के साझा संग्रह "मैं सृष्टि हूं" के विमोचन समारोह का । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की आराधना और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ ।

अतिथियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने सम्पर्क के कार्यक्रमों और उपलब्धियों का उल्लेख किया । ततपश्चात "मै सृष्टि हूँ" पुस्तक का अतिथियों मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त निदेशक अरुण जोशी, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार हरिप्रकाश राठी जोधपुर, मुख्य वक्ता विशिष्ट शासन सचिव वित्त विभाग नरेश ठकराल एवं विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी चंद्रशेखर साबू तथा रोजियम ग्रुप के चैयरमेन अर्पित जैन, अध्यक्ष अनिल लढा एवं रेनू शब्द मुखर के द्वारा विमोचन किया गया । इस अवसर पर सम्पर्क के कार्यों का विस्तृत परिचय देती हुई हुई डायरी का भी विमोचन हुआ। रेनू शब्दमुखर ने संस्थान से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया । इस अवसर पर नवगठित सम्पर्क साहित्यिक कार्यकारिणी का भी सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि अरुण जोशी ने कहा कि सम्पर्क के कार्य उल्लेखनीय है, "तुमने तो कह दिया खुशियों का महल बना दो, मगर एक-एक ईंट रखने में मुझे बहुत दर्द होता है" इन पंक्तियों के साथ सम्पर्क संस्थान के लिए शुभकामनाएँ दी । कार्यक्रम में वित्त विभाग के शासन सचिव नरेश ठकराल ने कहा कि तनाव का सर्वोत्तम समाधान लेखन है।

अतिथि चंद्र शेखर साबू ने नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "मैं सृष्टि हूँ" शीर्षक अपने अपने विशिष्ट अर्थ रखता है और ये साहित्य में मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार हरिप्रकाश राठी ने इस अवसर पर मातृ दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पर्क संस्थान ने कम समय में अच्छी पहचान बनाई है । साहित्यिक सांस्कृतिक अवमूल्यन के दौर में ऐसे संस्थानों का दायित्व बढ़ जाता है, साहित्य एक दीपशिखा की भाँति है। संस्थान सचिव विजयलक्ष्मी जांगिड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती भदौरिया ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन उपाध्यक्ष डॉ. रेखा गुप्ता ने किया ।

मदर्स डे पर मॉम प्रेन्योर का आयोजन

जयपुर, (का.सं.)। मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि संस्था के द्वारा मदर्स डे पर मॉम प्रेन्योर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के द्वारा 150 से अधिक महिलाओं जो मां उद्यमी हैं, उनका सर्वे कर उनकों आने वाली परेशानियों को पहचान कर उन परेशानियों को दूर करने के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान विश्वविद्यालय के इनक्यूबेटर के कोऑर्डिनेटर सुमिता कच्छावा ने बताया कि जो मां उद्यमी है वह अपना स्टार्टअप लगाना चाहजी है, यह सरकार की जो विभिन्न वित्तीय योजनाएं हैं उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि राजस्थान विश्वविद्यालय के इस इंक्यूबेटर में जो महिला उद्यमी स्टार्टअप के रूप में आना चाहती है उनका पूण्र रूप से सहयोग प्रदान किया जायेगा।

भर्ती व पेंशन की मांग पर होगा देशव्यापी बैंक आंदोलन व हड़ताल : आमेरा

जयपुर, (का.सं.)। ऑल इण्डिया बैंक एम्पलाईज एसोसिएशन की राष्ट्रीय जनरल कौंसिल की दो दिवसीय बैठक 9 व 10 मई को केरल की वित्तीय व्यावसायिक राजधानी कोच्चि शहर में आयोजित की गई, राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाईज यूनियन के उप महासचिव बैंक कर्मचारी नेता सूरज भान सिंह आमेरा ने कोची बैठक से बताया कि बैठक में देश के सभी राज्यों से कॉमर्शियल, सहकारी, ग्रामीण व निजी बैंकों से चुनिंदा 325 बैंककर्मी नेता, युवा व महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया, राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाईज यूनियन से आर जी शर्मा, महेश शर्मा, सूरज भान सिंह आमेरा, रवि वर्मा, जयन्त परिहार, रवीदीप चतुर्वेदी, नरपत गहलोत, ललित गुप्ता व मेघा मलिक ने भाग लिया।

बैंककर्मी नेता आमेरा ने बताया कि एआईबीईए के राष्ट्रीय महासचिव सीएच वेंकटचलम ने बैठक में बैंकिंग सैक्टर की स्थिति, हालात, सरकार की रीति नीति व बैठक एजेंडा पर विस्तार से संबोधित किया गया जिस पर देश भर से आए प्रतिनिधियों द्वारा चर्चा की गई। आमेरा ने बताया कि एआईबीईए की राष्ट्रीय बैठक में दो दिन की गंभीर चर्चा के बाद ग्रामीण व सहकारी बैंकों में लंबित द्वि-पक्षीय वेतन समझौता लागू करने, 2 लाख रिक्त पड़े पदों पर सभी बैंकों में भर्ती करने, बैंक निजीकरण का विरोध क़ायम रखने, सहकारी बैंकों में 2 टियर बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, सहकारी बैंकों को पुनर्पूंजीकरण सहायता जारी करने, सहकारी बैंकों में ओपीएस पेंशन लागू करने, सहकारी बैंकों को आर्थिक सक्षम बनाने व अनावश्यक राजनीतिक हस्तक्षेप बंद करने, ग्रामीण बैंकों को स्पॉन्सर बैंक में मिलाने, बैंकों में एजेंसी से लिए अस्थायी कर्मचारी, बीसी, डेली डिपॉजिटर, गार्ड को नियमित कर समुचित वेतनमान व सेवा सुरक्षा देने, नैनीताल बैंक को बीओबी में मिलाने व सभी निजी बैंकों का राष्ट्रीकरण करने, ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हो रहे हमले का विरोध के लिए प्रस्ताव पारित किये गये।

आमेरा ने बताया कि सभी बैंकों में लंबे समय से रिक्त पड़े हुए पदो पर भर्ती करने के लिए व सरकार की बैंक निजीकरण की रीति नीति पर लोक सभा चुनाव बाद देशव्यापी बैंक आंदोलन व हड़ताल का निर्णय किया गया।

केरल प्रदेश बैंक एम्पलाईज यूनियन द्वारा शानदार बैठक आयोजन के लिए धन्यवाद के साथ दो दिवसीय बैठक का समापन हुआ।

पूर्व आईएएस अधिकारी मुन्नालाल गोयल का निधन

जयपुर, (का.सं.)। पूर्व आईएएस अधिकारी मुन्ना लाल गोयल का शनिवार अर्धरात्रि यहाँ जयपुर में उनके निवास पर निधन हो गया। वे लगभग 91 साल के थे। रविवार को शाम को पांच बजे लाल कोठी मोक्षधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में परिवारजन और मिलने वाले उपस्थित थे। गोयल बीकानेर सहित कई जिलों के कलेक्टर और विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव रहे हैं। प्रशासनिक कार्यों में अपनी निपुणता और कार्यकुशलता के लिए गोयल जाने जाते थे। पूर्व डीजीपी मनोज भट्ट गोयल के दामाद थे। वर्षो पहले ये उत्तर प्रदेश से यहां आकर बस गये थे।

ब्राह्मण रत्न सम्मान से 45 प्रतिभाएं सम्मानित

भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय "ब्राह्मण रत्न" सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद रामचरण बोहरा, लोकसभा प्रत्याशी मंजू शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

- ब्राह्मणों को संस्कारों के बल पर आगे बढ़ना चाहिए : रामचरण बोहरा

जयपुर, (का.सं.)। ब्राह्मणों को अपने संस्कारों को प्रबल करते हुए समाज को दिशा एवं मार्गदर्शन देना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने सदैव परहित में कार्य किया है। ब्राह्मण बच्चों को संस्कारित कर भगवान परशुरामजी की तरह जितेन्द्रिय बनना चाहिए। ये विचार आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय " ब्राह्मण रत्न" सम्मान समारोह में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने कहे।

इस अवसर पर समारोह के अध्यक्षता करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण सर्वहित की बात करता है और सर्वजन सुखाय की भावना से समाज को एक राह दिखाता है। लेकिन अब ब्राह्मणों को भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए और अग्रणी भूमिका निभाने वाला ब्राह्मण आज पिछड रहा है। उसे भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए।

इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी भाजपा मंजू शर्मा ने कहा कि जब ब्राह्मण आगे बढ़ेगा तो देश में सामाजिक समरसता बढ़ेगी और परशुरामजी के बताये हुए रास्ते पर युवाओं को चलना चाहिए। इस अवसर पर आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा और अन्य सामाजिक संगठनों को सामाजिक रूप से संगठित होकर समाज को एकजुट करना चाहिए और लोकतंत्र में अपनी ताकत दिखानी चाहिए। सर्व ब्राह्मण महासभा ने समाज हित में आरक्षण की एक लम्बी लडाई लडी है जिससे सफलता प्राप्त हुई है।

इस अवसर पर हवामहल विधायक महामंडलेश्वर आचार्य बालमुकुंद आचार्य महाराज ने सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि सभी ब्राह्मण संगठनों को रचनात्मक कार्यों की तरफ बढ़ना चाहिए। राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर ने कहा कि ब्राह्मण को अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए परशुराम जी के विषय में अज्ञानता वर्ष कई विभेद पड़े हैं उन्हें दूर करना चाहिए।

इस अवसर पर गोविन्द पारीक पूर्व अतिरिक्त निदेशक डीपीआर ने ब्राह्मण और सर्व समाज विषय पर अपने विचार प्रकट किये। सर्व ब्राह्मण महासभा की पूरे देश-विदेश में हो रही गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर श्रम न्यायालय के न्यायाधीश अनीष दाधीच, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी गीतिका पाण्डेय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी.सी त्रिवेदी, पूर्व आचार्य प्रोफेसर डॉ. प्रहलाद राय व्यास, एसीबी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप सारस्वत, महर्षि अरविन्द ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. संजय पाराशर, असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर-संजय शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. मधु मुकुल शर्मा, ईटीवी के हेड अश्विनी विजय प्रकाश, वेदांता पीजी गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.शुभाशर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डॉ नीरज नगाइच, राष्ट्रपति के अंगरक्षकों को साफा बांधने में महारत सुश्री दिया शर्मा, एसएमएस हॉस्पिटल के सहायक प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. निखिल व्यास, प्रसिद्ध भागवत एवं रामकथा प्रवचन आचार्य गोपाल शरण महाराज, जगदम्बा आश्रम के संस्थापक आचार्य पवन भारद्वाज, प्रसिद्ध ज्योतिष एवं गोदूत-ज्योतिषाचार्य अंकित रावल, ठिकाना मंदिर लक्ष्मण द्वारा के महंत वेणुगोपाल गौड, कुसुम ज्वैलर्स की संस्थापक कुसुम पाटनवाला, फ्यूचर टेक प्रा.लि. के सीईओ अशोक कुमार व्यास, तारा आर्ट पैलेस के डायरेक्टर जयेष गौतम, मेहता ग्रुप कॉलेज एवं स्कूल के डायरेक्टर राधेश्याम मेहता, एसएमएस हॉस्पिटल में ट्रामालैब इंचार्ज डॉ. सुमित तिवारी, सहायक व्याख्याता महेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता परमानन्द शर्मा, वेद स्वाध्याय पीठ गुरुकुल के संस्थापक महेश कुमार शर्मा, प्रसिद्ध रेडियोग्राफर दीनदयाल शर्मा, गायत्री कोरियर के डायरेक्टर सुरेंद्र कुमार शर्मा, विधिक सेवा से एडवोकेट प्रकाश शर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए गौतम शर्मा, वीज लीगल फर्म के संस्थापक एडवोकेट विनीत शर्मा, शास्त्रीय संगीत से छवी जोशी, संतोष स्टील अपोलो पाइप्स के डायरेक्टर कन्हैयालाल शर्मा, शुभविचार संस्था के संस्थापक जितेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट अतुल चतुर्वेदी, श्री नेहरू ज्ञान मंदिर स्कूल के संस्थापक-गोपाल लाल शर्मा, तैराकी खेल से-सुश्री कोमल गौतम, शर्मा डायमण्ड एण्ड ज्वेलरी के संस्थापक पं. श्याम शास्त्री, राजकीय सेठ आनन्दीलाल पोद्दार दिव्यांग बधिर स्कूल के प्रधानाचार्य भरत जोशी, ज्योतिष सत्यवीर भारद्वाज, समाज सेवा से पवन डिडवानिया, श्रीनाथ शर्मा, उमेश छंगाणी, महेश कुमार पारीक, विशाल शर्मा, मनोज शर्मा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, साफा व दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्था के पदाधिकारियों प्रदेश संगठन मंत्री पं. श्याम शास्त्री, राष्ट्रीय महामंत्री सविता शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष गब्बर कटारा, जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, राजू शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। अन्त में बाबूलाल शर्मा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर विप्र महासभा के अध्यक्ष सुनिल उदईया, परशुराम सेना के अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, एडवोकेट बी.बी. शर्मा, मनोज मिश्रा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रवेन्द्र शर्मा सहित सैकड़ों विप्र बंधु उपस्थित थे।

नियंत्रण कक्ष स्थापित

जयपुर, (का.सं.)। तेज गर्मी, आंधी-अंधड़ को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति बाधित होने एवं आपातकालीन परिस्थितियो में संभावित दुघर्टना को रोकने के लिए कॉल सेन्टर के साथ ही जयपुर नगर वृत में खण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष पर भी शिकायत दर्ज करवाने की व्यवस्था की गई है, ताकि विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कर विद्युत आपूर्ति को सुचारु किया जा सके।

आम सूचना

सूचित किया जाता है कि बदनपुरा (फन्कीरों की ढूंगरी) गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर, रजि. नम्बर 2830/एल द्वारा विकसित की गई योजना "गोल्डन पार्क" ग्राम महलां, अजमेर रोड, जयपुर में आवासीय प्लॉट नम्बर आर-151 से आर-154 प्रत्येक 388.88 वर्गगज व आर-226 से आर-229 प्रत्येक 444.44 वर्गगज, को श्री राजेश यादव पुत्र श्री बद्री नारायण यादव, को आवंटित किया गया था, जिनसे मेरी अभिभाष्या मोना खुराना निवासी जयपुर द्वारा खरीद करना तय किया गया है। यदि उक्त प्लॉटों के विक्रय के सम्बन्ध में किसी संस्था, व्यक्ति या अन्य को कोई आपत्ति, ऊज्र हो तो सात दिवस में लिखित आपत्ति मय दस्तावेजात् मुझे प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद अवधि पश्चात मेरी अभिभाष्या के हित में विक्रय पत्रों/ हस्तान्तरण तस्दीक व तकमील करवा लिया जावेगा तथा मियाद अवधि पश्चात की गई आपत्ति प्रभावहीन, अमान्य व शून्य समझी जावेगी। सूचित रहे।

आज दिनांक 12/05/2024 — Arvind Juneja Advocate, Rajasthan High Court 9829504111

नाम परिवर्तन

मैं आर्मी नंबर 21000276एफ लांस नायक (ओपीआर) सन्दीप तोमर, यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंटें। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम "कोमल कुमारी राघव" है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का वास्तविक नाम कोमल तोमर है।

I have changed my name from Harvinder Kaur Chhabra to Harvinder Kaur W/o Jasbeer Singh for all purpose. Resi.: 281-A, Gurunanakpura, Gali No. 1, Rajapark, Adarsh Nagar, Jaipur

नोटिस वास्ते जाहिर करने वजह

अज अदालत अपर जिला न्यायाधीश, संगरिया
बइजलास श्री बलवन्त सिहं भारी (आर.जे.एस.), (डी.जे. कैडर)
प्रार्थना पत्र बअनवान बंटू बनाम् सर्वसाधारण
प्रार्थना पत्र अं. धारा 372 भारतीय उतराधिकार अधिनियम
प्रकरण संख्या 41/2023 (7/23)

बनाम्-
सतबाला पुत्री स्व. श्री मुखराम भादू पत्नी ब्रहमप्रकाश सहारण जाति जाट निवासी पत्रकार कॉलोनी, इस्कान कोन मंदिर कृष्ण जी का मंदिर सब्जी मण्डी के पास, मानसरोवर, जयपुर (राज.) प्रार्थीया ने अदालत में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थीया स्टेट/रिजनल ट्रांसपोर्ट अथोरिटी बीकानेर परमिट नम्बर गंगा/54/93 दिनांक 22.10.2003 कोपी नम्बर 0013470 पार्ट-ए व परमिट नम्बर गंगा/54/93 कोपी नम्बर 0013470 पार्ट-बी जोगेन्द्र सिंह भादू पुत्र मुखराम भादू के नाम से जारीशुदा हनुमानगढ़ से डबवाली के परमिट की उत्तराधिकारी है तथा प्रार्थीया के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र जारी किया जावे ।

इस सन्दर्भ में यदि किसी को कोई उज्ज व एतराज है तो वह नियत दिनांक 17.05.2024 को न्यायालय में उपस्थित